तापमान
अधिकतम 42.9 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

11 एलसीएलओ कर्मचारियों ने की नारेबाजी



12 गेहूं खरीद व उठान में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी



# पहले दिन मेयर के लिए एक ने किया नामांकन भाजपा आज घोषित कर सकती है उम्मीदवार

■ कांग्रेस के मेयर पद के प्रत्याशी कमल दिवान आज दाखिल करेंगे पर्चा ■ पार्षद पद के उम्मीदवारों के नामों का भी हो सकता है ऐलान



सोनीपत। मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल करते हुए रमेश कुमार।



सोनीपत। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर नगर निगम में लगी लोगों की भीड़।

## राज्य निर्वाचन आयोग ने सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम सोनीपत के आम चुनाव के तहत मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हो गई। पहले दिन मेयर पद के लिए गांव गढ़ी ब्राह्मणान निवासी रमेश कुमार खत्री ने रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अजय चौपड़ा को अपना नामांकन पत्र सौंपा। चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही जिला प्रशासन और निर्वाचन तंत्र पूरी तरह सक्रिय नजर आया। सूत्रों के अनुसार भाजपा आज मेयर पद के साथ-साथ पार्षद पदों के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है। वहीं कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक पार्षद पदों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, लेकिन संभावना है कि बुधवार को ही सूची जारी की जा सकती है।

इसी बीच हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न पर्यवेक्षकों और अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि नगर निगम सोनीपत चुनाव के लिए वैशाली सिंह को सामान्य पर्यवेक्षक, राजेंद्र कुमार मीणा को पुलिस पर्यवेक्षक तथा अरविंद को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए सुशील शर्मा को शिकायत नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट पर है।

### 25 तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया

राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल को की जाएगी, जबकि 28 अप्रैल को उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। उसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन कर अंतिम प्रत्याशी सूची प्रकाशित की जाएगी। मतदान 10 मई को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक होगा तथा मतगणना 13 मई को प्रातः 8 बजे से आरंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेयर पद के लिए नामांकन अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में जमा किए जा रहे हैं, जबकि वार्ड 1 से 7 के पार्षदों के लिए जिला राजस्व अधिकारी के कोर्ट रूम, वार्ड 8 से 14 के लिए उपमंडल अधिकारी (ना.) कार्यालय तथा वार्ड 15 से 22 के लिए बीडीपीओ कार्यालय में नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच उपमंडल अधिकारी (ना.) सोनीपत के कोर्ट रूम में की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता लापता

**गन्नौर।** थाना बड़ी क्षेत्र के एक गांव से महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पति की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया उसकी पत्नी 20 अप्रैल को दोपहर घर से बिना किसी को बताए चली गई और वापस नहीं लौटी। अपने स्तर पर काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### रुखी में भाइयों से मारपीट, पीजीआई रेफर



**गोहाना।** गांव रुखी में कुछ लोगों ने रास्ता रोककर दो भाइयों पर हमला कर घायल कर दिया। परिजन दोनों को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बीपीएस मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पीड़ित सुभाष चंद्र ने बताया कि वह अपने भाई कृष्ण के साथ गांव रुखी में खेत देखने आए थे। जब वे श्मशान स्थल के पास पहुंचे, तो सत्यवान ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इसके बाद तीनों ने मिलकर डंडों और ईंटों से हम पर पर हमला कर दिया। सुभाष चंद्र के अनुसार आरोपी पहले भी उन्हें खेत में जाने से रोकते रहे हैं और कई बार विवाद कर चुके हैं। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मेडिकल रिपोर्ट में दोनों भाइयों को चोट लगने की पुष्टि हुई है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मोबाइल टावर से आरआरएच सिस्टम चोरी

**गन्नौर।** गन्नौर-सोनीपत रोड स्थित गांव राजलू गढ़ी में लगे जियो टावर से पांच रिमोट रेडियो हेड (आरआरएच) चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पानीपत निवासी पवन कुमार ने थाना बड़ी में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह एसजी एनकान प्राइवेट लिमिटेड में एस्टेट मैनेजर (हरियाणा) के पद पर कार्यरत हैं, जो रिलायंस जियो के नेटवर्क की देखरेख करती है। शिकायत के अनुसार 28 मार्च की रात चोर टावर से पांच आरआरएच चोरी कर ले गए। कंपनी अधिकारियों ने अपने स्तर पर चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जाएंगे, ताकि आरोपियों का कोई सुराग लग सके।

## पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला



चुनाव के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से सोनीपत पुलिस द्वारा पैदल गश्त (फ्लैग मार्च) किया गया। यह गश्त पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के मार्गदर्शन में थाना सेक्टर-27 और थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र में एसीपी राजदीप मोर के नेतृत्व में निकाली गई। गश्त के दौरान पुलिस बल ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष रूप से निगरानी रखी। शहर के गंदा नाला क्षेत्र को इस अभियान का प्रमुख फोकस बनाया गया, जहां पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से संवाद भी स्थापित किया। पुलिस ने आम नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की। एसीपी राजदीप मोर ने बताया कि इस प्रकार की पैदल गश्त का उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण रखना, असामाजिक तत्वों में भय पैदा करना और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## 5000 का इनामी बदमाश मोहम्मद तस्लीम गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट और थाना मुरथल पुलिस की संयुक्त टीम ने मोबाइल फोन, सोने का कड़ा और नकदी लूटने की वारदात में शामिल पांच हजार रुपये के इनामी अति वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मोहम्मद तस्लीम निवासी बुराड़ी, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 27 सितंबर 2023 की रात अमृतसर निवासी सुमित अपनी इनोवा कार से दिल्ली जा रहे थे। मुरथल स्थित एक ढाबे के पास तीन युवकों ने पिस्तौल के बल पर उनसे दो मोबाइल फोन, सोने का कड़ा और नकदी लूट ली और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस पहले ही सचिन और आशिक हसन नामक दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब सहायक उपनिरीक्षक सुमित ने कार्रवाई करते हुए इनामी आरोपी मोहम्मद तस्लीम को काबू कर लिया।



- मुरथल के पास युवक से मोबाइल, सोने का कड़ा व नकदी लूटने का आरोपी
- मामले के दो आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके

### आंबेडकर नगर से लाखों की नकदी और आभूषण चोरी

**गन्नौर।** शहर के आंबेडकर नगर से दिनदहाड़े लाखों की नकदी व आभूषण चोरी हो गए। पीड़ित नरेश कुमार ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को वह काम के सिलसिले में सोनीपत गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी और बेटा भी घर पर ताला लगाकर बाहर गए थे। इसी दौरान दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच चोर घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए।चोरों ने कमरे में रखी अलमारी को खंगालते हुए सामान बिखेर दिया और सोने-चांदी के जेवरात के साथ करीब 2 लाख 52 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोरी हुए सामान में सोने की अंगूठियां, बालियां, झुमके, चेन तथा चांदी के पाजेब व अन्य आभूषण शामिल हैं।

## 56 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त दुकानदारों पर 85 हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर परिषद गोहाना की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर करीब 56 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले चार प्रतिष्ठानों पर कुल 85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एईई योगेश ने बताया कि जब्त की गई प्लास्टिक सामग्री को वैज्ञानिक तरीके से निपटान के लिए जेबीएम प्लांट भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए इसके उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है।

- हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर परिषद की संयुक्त कार्रवाई



गोहाना। जब्त प्लास्टिक के साथ संयुक्त टीम के अधिकारी।

### नियमों का उल्लंघन सहन नहीं : शर्मा

नगर परिषद गोहाना की कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा ने बताया कि परिषद समय-समय पर ऐसे अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों ने आम नागरिकों और व्यापारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कार से शराब की अवैध खेप बरामद, बिहार सप्लाई करने जा रहा था रोहतक का युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

पुलिस ने रसिका औद्योगिक क्षेत्र के पास खड़ी संदिग्ध कार की तलाशी में अवैध शराब की खेप बरामद की। पुलिस को सूचना मिली थी कार में बड़ी मात्रा में शराब भरकर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई सहायक उपनिरीक्षक प्रवेश व उनकी टीम ने कार से जूबिली स्पेशल व्हिस्की के 904 और ब्लू स्ट्रोक एक्सक्विजिट व्हिस्की के 1999 पव्वे बरामद किए। मामले में पुलिस ने रोहतक के गढ़ी सांपला निवासी को राहुल को गिरफ्तार किया। आरोपी शराब से संबंधित कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

### पिकअप से 50 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी, एक गिरफ्तार



**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान प्रवेज निवासी गांव जैनपुर टिकौला, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। उसे मंगलवार को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस के अनुसार 20 अप्रैल 2026 को सहायक उपनिरीक्षक संजय अपनी टीम के साथ गांव छतैहरा अड्डा के पास गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन गांव मल्हा माजरा की ओर से अवैध शराब लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक टाटा पिकअप को रोककर चालक से पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम प्रवेज बताया। तलाशी के दौरान वाहन से 50 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपित शराब से संबंधित कोई लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर आबकारी अधिनियम के तहत थाना कुंडली में मामला दर्ज किया गया। बाद में जांच अधिकारी मुख्य सिपाही तरुण ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### सेक्टर 13 के पास एक कमरे से दो पेटी शराब बरामद

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 पुलिस ने सेक्टर 13 के पास गंदे नाले के एक मकान में छापा मारकर अवैध शराब बरामद की। आरोपी की पहचान अरूण निवासी न्यू तारा नगर, सोनीपत के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के तख्त पर रखे सामान के नीचे से दो पेटी देशी शराब बरामद हुई मुख्य सिपाही सुशील ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## छोटी गढ़ी के प्राइमरी स्कूल में केवल 10 विद्यार्थी, एक कमरे में चल रही पढ़ाई

■ स्कूल में सिर्फ दो शिक्षक ■ ग्रामीण बोले- स्टाफ की कमी के कारण स्कूल में एडमिशन नहीं करवा रहे

हरिभूमि न्यूज गन्नौर

गांव छोटी गढ़ी स्थित राजकीय प्राइमरी स्कूल में छात्रों की कम संख्या और स्टाफ की कमी के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में स्टाफ की कमी के कारण अभिभावक बच्चों का एडमिशन निजी स्कूलों में करवा रहे है। स्कूल में कुल 10 छात्र हैं, जिनमें कक्षा पांचवीं में तीन, तीसरी में दो, पहली में दो, दूसरी में एक और बाल वाटिका में दो बच्चे शामिल हैं।

स्कूल में केवल दो शिक्षकों के सहारे ही पूरे स्कूल का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में सभी कक्षाओं के बच्चों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि इस व्यवस्था के कारण बच्चों को पर्याप्त ध्यान नहीं मिल पा रहा और शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। मुख्याध्यापिका विद्यावती ने बताया कि स्टाफ की कमी के चलते परेशानी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अंजू रानी, जो अगस्त से डेपुटेशन पर यहां कार्यरत हैं, के साथ मिलकर स्कूल का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि स्कूल में पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति की जाए और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि बच्चों की संख्या बढ़ सके।



गन्नौर। स्कूल में एक कक्षा में सभी बच्चों को पढ़ातीं शिक्षिका अंजू रानी।

## तार और एसी के पाइप चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर पुलिस ने घर से बिजली के तार, एसी की गैस पाइप और केबल चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान विनोद निवासी गढ़ी ब्राह्मणा, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-23 निवासी वीरेंद्र पुत्र महावीर ने 17 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि 15 अप्रैल को शाम उसके घर से बिजली के तार, एसी की गैस पाइप और केबल चोरी कर लिए गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच में चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वारदात को अंजाम देने का पता चला।मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान उपनिरीक्षक आशीष ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपित विनोद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



## स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं हमारी पहचान भी : सतीश कुमार

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के स्वावलम्बन केंद्र द्वारा आत्मनिर्भर भारत हेतु स्वदेशी एवं उद्यमिता का महत्व विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अन्य हितधारकों में आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच सतीश कुमार व विशिष्ट अतिथि हरियाणा प्रान्त संगठक स्वदेशी मंच कुलदीप पूनिया थे। सतीश कुमार ने कहा स्वदेशी केवल एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और आत्मनिर्भरता का मूल आधार है। यदि हम स्थानीय उत्पादों को अपनाते हैं और उद्यमिता को बढ़ावा देते हैं, तो भारत वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभर सकता है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब शिक्षा के साथ-साथ कौशल और उद्यमिता को भी समान महत्व दिया जाएगा। विवि का प्रयास है कि छात्राओं को न केवल अकादमिक रूप से सक्षम बनाया जाए, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में विकसित किया जाए। कार्यक्रम में सतीश कुमार द्वारा लिखित पुस्तक सरल समग्र स्वदेशी का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा संगोष्ठी संयोजक प्रो. इप्शिता बंसल प्रस्तुति की और मंच संचालन विवि स्वावलम्ब केंद्र की निदेशक प्रो. अंशु भारद्वाज ने किया।



गोहाना। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते सतीश कुमार व कुलपति प्रो. सुदेश।



# हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

## लाइफ Style



# दिशा
## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

## हॉलीवुड मसाला



# सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



# नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



# सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



# है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

## टीवी मसाला



# कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया साम्राज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

## घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था।



कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।

# कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*

**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

# मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे



लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

## बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

# एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

***नई दिल्ली।** 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

## खबर संक्षेप

### गुर्जर महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष बने निशांत

**गन्नौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का गन्नौर मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छोक्कर को युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। निशांत छोक्कर ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के संरक्षक डा. यशवीर सिंह, अध्यक्ष हरिशचंद भाटी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी महावीर सिंह छोक्कर सहित पदाधिकारियों का आभार जताया। कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

### भारत के महान दार्शनिक थे जगतगुरु शंकराचार्य

**गोहाना।** सेक्टर-7 गोहाना स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में मंगलवार को आदि शंकराचार्य की जयंती मनाई गई। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता गढ़ी उजाले खां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या अनीता दूहन ने कहा कि जगतगुरु आदि शंकराचार्य भारत के गौरव, आध्यात्मिक प्रकाश स्तंभ, महान दार्शनिक, धर्म प्रवर्तक एवं योगी थे।

### रचनात्मक सोच प्रगति का आधार : डॉ. अनिल

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय बड़ौता की एनसीसी यूनिट (15 हरियाणा बटालियन एनसीसी) द्वारा विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनिल ग्रोवर की अध्यक्षता में सम्पन्न इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग विषय को लेकर जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल ने कहा कि आज का युग तकनीक और नवाचार का है। इस युग में रचनात्मक सोच और आधुनिक तकनीक का सही समन्वय ही भविष्य की प्रगति का आधार है।

### जश्न-ए-संगीत में गूंजी सुरों की महफिल

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में 20 अप्रैल 2026 की शाम जश्न-ए-संगीत कार्यक्रम का आयोजन डीन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा एनसीसी ग्राउंड पर किया गया। विवि की सांस्कृतिक सोसायटी लफ्ज़ के बैनर तले कार्यक्रम में 2000 से अधिक छात्र, शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह तथा कुलसचिव डॉ. अमित की गरिमामय उपस्थिति रही।

## कर्मचारियों और सरकार के बीच चल रहा विवाद और गहराया

# एलसीएलओ कर्मचारियों का सब्र टूटा एक को सीएम आवास घेराव का ऐलान

**सोनीपत सहित प्रदेशभर के कर्मचारी सात माह से कुरुक्षेत्र में धरने पर बैठ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। धरने पर पहुंचें सोनीपत के एलसीएलओ कर्मचारी।



सोनीपत। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में एलसीएलओ कर्मचारियों और सरकार के बीच चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। सोनीपत सहित प्रदेशभर के कर्मचारी पिछले सात महीनों से कुरुक्षेत्र में धरने पर बैठे हैं और अब उन्होंने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है।

एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान पवन पलवल ने बताया कि यूनियन ने दो बड़े फैसले लिए हैं। इसके तहत 1 मई मजदूर दिवस पर प्रदेशभर के एलसीएलओ कर्मचारी कुरुक्षेत्र के पीपली में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो करीब 4 हजार एलसीएलओ कर्मचारी, उनके परिवार और रिश्तेदार आगामी चुनावों में मतदान का बहिष्कार करेंगे। राज्य कार्यकारिणी सदस्य रोहित धानिया रोहतक ने बताया कि सीपीएलओ पद के लिए परीक्षा ली गई थी, लेकिन चयन के बाद आधे युवाओं का पदनाम बदलकर एलसीएलओ कर दिया गया। एलसीएलओ को पिछले 18 महीनों से न काम मिला है और न वेतन मिला है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर गुरमीत रंगा, मीणा सिवाच, रीतू नैन, कीर्ति, नवीन देसवाल, दीपक कुमार, प्रवीण, अजय, रविन्द्र पलवल, सचिन और रीतू गोहाना सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## रिटायर कर्मियों ने डीसी कार्यालय पर दिया धरना

*सोनीपत। रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डीसी कार्यालय सोनीपत पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक धरना दिया गया। धरने के माध्यम से तहसीलदार सोनीपत को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया, जिसे प्रधानमंत्री के पास भेजा गया। यह आह्वान अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया था। धरने की अध्यक्षता जिला संयोजक महेंद्र सिंह बनवाला ने की, जबकि संचालन जय भगवान दहिया ने किया। धरने में विभिन्न विभागों के रिटायर कर्मचारी डीसी कार्यालय पहुंचे। धरने के दौरान वित्त विधेयक 2025 रद्द करने, नई पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेंशन प्रणाली लागू करने, महंगाई भत्ते का बकाया भुगतान करने, पेंशन में आयु के अनुसार बढ़ोतरी करने तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के निजीकरण पर रोक लगाने सहित अन्य मांगें उठाई गई। इस दौरान रिटायर कर्मचारी संघ के नेता सिल्करा मलिक, श्रद्धानंद सोलंकी, रामनिवास राणा, विजेंद्र, ध्यान जगदीश मोर, देवेंद्र मलिक, सतवीर धनकर, सूरजभान, दया, जगदीश मोर, जयवीर सिंह राठी, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सुनील दत्त, ओम प्रकाश मलिक, देशराज नैन, गन्नौर ब्लॉक के प्रधान सुभाष, बलजीत सिंह पहला, वन विभाग के राजपाल कुहिड़, जिले सिंह, एमटीएनएल सीटू की जिला सचिव सुनीता, शकुंतला और जयपाल खोखर मौजूद रहे।*

## चेयरमैन इंदौरा से मिले विभिन्न वार्डों के लोग

# विकास कार्यों से परे डिवाइडरों पर हो रही चर्चा से लोग परेशान



खरखौदा। समस्याओं पर चर्चा में भाग लेते पूर्व पार्षद मोहन दहिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

शहर के विभिन्न वार्डों से महिलाएं व पुरुष नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और चेयरमैन हीरालाल इंदौरा से मिले। अन्य समस्याओं के साथ साथ सड़क मार्ग से डिवाइडर हटाने का मुद्दा चर्चा में रहा। शहर वासियों ने शिकायती लहजे में कहा कि मार्ग से डिवाइडर हटाने के नाम पर अन्य विकास कार्यों की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पूर्व पार्षद मोहन ने कहा कि जनसुविधाओं को देखते हुए उनके समय में सड़क मार्ग पर डिवाइडर रखवाए गए थे। जिसके कारण मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी आई थी। यदि उनके रखे जाने से समस्या आती तो उस समय ही हटवा दिए गए होते। तब नपा उप चेयरमैन वनदीप व विधायक के पिता आजाद सिंह ने बतौर पार्षद इस कदम का समर्थन किया था। मास्टर अशोक, सुरेंद्र दहिया, अंकित, मदन सैनी, सतबीर आदि का कहना था कि दुकानदारों द्वारा जो अतिक्रमण किया गया है,उसे हटाया जाने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत है। अतिक्रमण के चलते व मार्ग के किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े किए जाने से जाम की समस्या उत्पन्न होती है। वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल की व्यवस्था जानी चाहिए। यदि कोई भी व्यक्ति सड़क मार्ग पर वाहन खड़ा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। मार्ग के किनारे रेहड़ी, पटरी वालों के लिए अलग से स्थान निश्चित किए जाने की आवश्यकता है।

**जल्द होगा समाधान**

चेयरमैन हीरालाल ने शहर वासियों को आश्वासन दिया कि डिवाइडरों पर रिफ्लेक्टर लगवाए जाएंगे, ताकि रात्रि को कोई हादसा घटित न हो। शहर वासियों की जो समस्याएं हैं उनसे म्युनिसिपल कमिश्नर, एसडीएम व उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। पूरे शहर में दोबारा सीवर लाइन डालने का प्रस्ताव भेजा हुआ है। जल्दी ही सरकार द्वारा 35 करोड की राशि से शहर की पानी निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा।

# बच्चों को दांतों की नियमित सफाई और देखभाल का महत्व समझाया

- कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को दंत स्वच्छता किट वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




सोनीपत। शिविर में दिव्यांग बच्चों की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब सोनीपत द्वारा क्रॉस हिन्दू इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन एंड रिहैबिलिटेशन ऑफ मेंटली चैलेंज्ड चिल्ड्रेन (रूचि) सोनीपत में दंत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में संस्थान के सभी दिव्यांग बच्चों के दांतों की सावधानीपूर्वक जांच की गई और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

सिविल अस्पताल से पहुंची डॉ. अल्का मलिक ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई और देखभाल के महत्व को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि समय पर दांतों की जांच और सफाई से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रजत डोडा, सचिव संजय अरोड़ा, सदस्य आशीष जैन और साक्षी गर्ग उपस्थित रहे। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार मित्तल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। संस्थान की ओर से डॉ. मंदीप, शालिनी, अतुल कुमार, डॉ. दिनेश कौशिक और जितेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। अंत में सभी बच्चों को दंत स्वच्छता किट वितरित की गई।

## निष्पक्ष-पारदर्शी रूप से जांच करवाई जाए

# पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला के साथ हुई कथित घटना अशोभनीय : चौहान

- घटना में प्रशासनिक मनमानी और संवेदनहीनता झलक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई हलका अध्यक्ष दिनेश चौहान।

जननायक जनता पार्टी के राई हलका अध्यक्ष दिनेश चौहान ने हरियाणा प्रदेश की वर्तमान कानून व्यवस्था को लेकर कठोर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला के साथ हुई कथित घटना अशोभनीय व निंदाजनक है। यह घटना गंभीर चिंता का विषय है। यह कानून व्यवस्था पर अविश्वास पैदा करती है। यदि शीर्ष नेता ही असुरक्षित हैं, तो आम जनता की सुरक्षा और न्याय की उम्मीद कमजोर पड़ जाती है। ऐसी घटनाओं से प्रशासनिक मनमानी और संवेदनहीनता झलकती है। यह निष्क्रियता दिखाती है कि मौजूदा सरकार पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की बढ़ती हुई लोकप्रियता से डरी हुई है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में शामिल अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हो व इसकी निष्पक्ष व पारदर्शी रूप से जांच कराई जाए। दिनेश चौहान ने गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में इनसो द्वारा आयोजित किए गए छात्र संवाद कार्यक्रम में दिग्विजय चौटाला समेत कई जजपा युवा नेताओं पर कई दिन बाद केस करने पर सरकार के इस कृत्य की निंदा की है।

# खरखौदा की बेटी तमन्ना ने एमबीए में जीता गोल्ड मेडल

- उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



खरखौदा। कुलपति के हाथों स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए तमन्ना। फोटो :हरिभूमि

स्थानीय मनोज राजपाल की सुपुत्री तमन्ना ने दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से एमबीए में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

तमन्ना के पिता मनोज राजपाल पुराना बाजार में बेकरी आइटम ट्रेडिंग का कार्य करते हैं। जबकि उसकी माता इकोनॉमिक्स की अध्यापिका हैं और घर पर कोचिंग सेंटर संचालित करती हैं।

जानकारी के अभाव में तमन्ना दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो पाई और वह उक्त सम्मान उपराष्ट्रपति सी. पी राधाकृष्णन के हाथों प्राप्त नहीं कर सकीं। बाद में 20 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। तमन्ना की इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# वर्ल्ड इनोवेशन-डे पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, छात्रा शिवानी अव्वल

- टैगलाईन प्रतियोगिता में अंशिका ने मारी बाजी, प्राचार्या ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। प्रतियोगिता के दौरान पोस्टरर्स का अवलोकन करते निर्णायक मंडल।

जीवीएम गर्ल्स कालेज में वर्ल्ड इनोवेशन-डे के मौके पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिवानी अव्वल रही तो टैगलाईन स्पर्धा में अंशिका ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह वर्ल्ड इनोवेशन-डे के साथ विजेताओं को बधाई दी।

जीवीएम की एनसीसी इकाई तथा आईआईसी सैल के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड इनोवेशन-डे धूमधाम से मनाया गया, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने किया। प्राचार्या ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नवाचार, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना था। छात्राओं ने उद्देश्य को साकार रूप प्रदान करते विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से रचनात्मकता को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। छात्राओं ने अपनी कृतियों के माध्यम से नवाचार और वैज्ञानिक सोच को मजबूती प्रदान की है। इस दौरान आयोजित पोस्टर मेकिंग तथा टैगलाईन प्रतियोगिता में करीब 100 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन प्राध्यापिका रोजी चोपड़ा, कमलेश चोपड़ा तथा संगीता शर्मा ने किया।



गोहाना। वक्ताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार।

## विद्यार्थियों को जैव विविधता के प्रति जागरूक किया

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय, बड़ौता के भूगोल विभाग, इको क्लब तथा यूनिवर्सिटीज आउटरिच प्रोग्राम के संयुक्त तत्वावधान में मानव विकास और पर्यावरण क्षरण का इतिहास विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय मोखरा के भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार और साक्षी मलिक रहे। व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानव विकास, जैव विविधता तथा पर्यावरणीय क्षरण के परस्पर संबंधों के प्रति जागरूक करना था। वक्ताओं ने मानव विकास की प्रक्रिया, जैव विविधता के महत्व तथा वर्तमान समय में पर्यावरण पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने कहा आज पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। युवा पीढ़ी को भी इस दिशा में जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मंच संचालन डॉ. सरिता मलिक ने किया। कार्यक्रम में डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. शैलेश कलकल, विजेंद्र एवं डॉ. सरिता मलिक उपस्थित रहे।

# युवाओं में नशे की लत चिंता का विषय : इंद्रजीत

## गोहाना नप चेयरपर्सन के पति संत रामपाल से आशीर्वाद लेने पहुंचे

- गांव धनाना स्थित सतलोक आश्रम द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान सराहनीय कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। संत रामपाल से आशीर्वाद लेने पहुंचे इंद्रजीत विरमानी, संजय दूहन व अन्य।

पंजाबी महासभा गोहाना के अध्यक्ष एवं नप गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी के पति इंद्रजीत विरमानी ने कहा कि युवाओं में नशे की लत समाज में आज एक बड़ी चिंता का विषय है। संत रामपाल के सानिध्य में गांव धनाना स्थित सतलोक आश्रम द्वारा चलाया जा रहा है नशामुक्ति अभियान एक सराहनीय कदम है। अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी और सेक्टर-7 गोहाना वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष संजय दूहन अपने साथियों के साथ सतलोक आश्रम में संत रामपाल का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इंद्रजीत विरमानी ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी समाज एवं राष्ट्र की रीढ़ होती है। युवाओं के कंधों पर ही देश के भविष्य की जिम्मेवारी होती है। ऐसे में एक सशक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए युवा शक्ति का शिक्षित एवं दूरदर्शी होना बेहद जरूरी है। आज हमारी युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसती जा रही है, जो समाज एवं देश के भविष्य पर किसी ग्रहण से कम नहीं है। संत रामपाल के सानिध्य में सतलोक आश्रम धनाना द्वारा चलाया जा रहा अभियान एक उल्लेखनीय कदम है। समाज के अन्य लोगों को भी इस दिशा में आगे आकर काम करना चाहिए।

# नपा कर्मचारी संघ ने दमकल कर्मियों के समर्थन में हड़ताल का लिया निर्णय

- दमकल कर्मियों की राज्यव्यापी हड़ताल 14वें दिन जारी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। सोनीपत नगर निगम कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे दमकल व नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर दमकल कर्मियों की राज्यव्यापी हड़ताल 14वें दिन जारी रही। कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कार्यालय परिसर में धरना देकर रोष जताया। नगर निगम सफाई कर्मचारियों ने दमकल कर्मियों का समर्थन किया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान राजीव खत्री, संचालन जिला सचिव अमित दहिया ने किया। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ व नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने सरकार की नीतियों व वादाखिलाफी पर अपने विचार रखे। नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि समय रहते हड़ताल पर बैठे दमकल कर्मचारियों की सभी जायज मांगों का पत्र जारी नहीं किया तो नगरपालिका कर्मचारी संघ इनके समर्थन में 1-2 मई को दो दिवसीय हड़ताल करने पर विवश होगा।

## आर्य समाज मॉडल टाउन के वार्षिकोत्सव में शाकाहार अपनाने का संदेश

# हिंसा रहित होना चाहिए मनुष्य का खान-पान: जयेंद्र

**पोषक आहार अपनाने का किया आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। आर्य समाज मॉडल टाउन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत का सप्तदिवसीय वार्षिकोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। वार्षिकोत्सव के दूसरे दिवस का कार्यक्रम संस्था प्रधान ज्ञानेश्वर त्यागी की अध्यक्षता में तथा गुरुकुल नोएडा से पधारे आचार्य जयेन्द्र आर्य के ब्रह्मत्व एवं मुख्य प्रवक्ता के रूप में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य सतन देव सत्यम द्वारा वेदपाठ और यज्ञ से हुई। यज्ञोपरांत बरेली से आमंत्रित संगीत रत्न आचार्य भानु प्रकाश शास्त्री ने ईश्वर भक्ति, देशभक्ति और महर्षि स्वामी दयानन्द के प्रेरणादायक भजन प्रस्तुत किए, जिनसे श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

अपने प्रवचन में आचार्य जयेन्द्र आर्य ने कहा कि मनुष्य का खानपान हिंसारहित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मांसाहार से पशुओं की हिंसा होती है और इससे हृदय रोग, मोटापा, कैंसर, शूगर, ब्लड प्रैशर तथा किडनी जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता है, जबकि शाकाहारी भोजन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने दाल, रोटी, हरी सब्जियां, सूखे फल, दूध, दही और शुद्ध घी जैसे पोषक आहार अपनाने का आह्वान किया।

**ये रहे मौजूद**

*कार्यक्रम में मधु आर्या, महेश जुनेजा, प्रमोद मल्होत्रा, सुमन भगत, गीता सहगल, विनोद सहगल, हरि चन्द स्नेही, ईश्वर सिंह, सविता मल्होत्रा, कौशल्या देवी और कृष्णा भूटानी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।*

## मंडी में सुस्ती पर एक्शन मोड में प्रशासन, ठेकेदारों को सख्त चेतावनी

# गेहूं उठान में देरी की तो किया जाएगा ब्लैकलिस्ट: उपायुक्त

**किसानों से बातचीत कर समस्याओं की जानकारी ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त नेहा सिंह ने मंगलवार को गोहाना अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि गेहूं के उठान में ढिलाई बरतने वालों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उठान कार्य में तेजी लाई जाए ताकि मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्तने मंडी में पहुंच रही गेहूं की फसल की खरीद, उठान, बायोमैट्रिक सत्यापन, श्रमिक व्यवस्था, ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम तथा ई-खरीद पोर्टल से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने मंडी में मौजूद किसानों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की उपज का समय पर और सुगमता से खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। मंडी में आने वाली प्रत्येक किसान की फसल की समय पर खरीद सुनिश्चित की जाए तथा उठान कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यदि किसी भी कॉन्ट्रेक्टर ने लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ पेनल्टी, नोटिस जारी करने सहित ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम अंकित कुमार, सचिव मार्केट कमेटी गोहाना सुरेश कुमार, हैफेड मैनेजर ज्योति, वेयरहाउस मैनेजर रेनूबाला, आढती श्यामलाल वशिष्ठ, रामधारी जिंदल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



गोहाना। अनाज मंडी व गोदाम का निरीक्षण करतीं उपायुक्त नेहा सिंह।

- उपायुक्त बोलीं-किसानों को उपज को लेकर न उठानी पड़े किसी प्रकार की परेशानी
- एफसीआई के गोदाम का निरीक्षण कर भंडारण क्षमता और रखरखाव का जायजा लिया

भंडारण क्षमता व सुरक्षा मानक देखे उपायुक्त ने रामगढ़ स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम का दौरा कर भंडारण क्षमता, गेहूं के रखरखाव, स्टैकिंग व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम में रखे गए गेहूं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाए और किसी भी प्रकार की नमी न हो।



राई। बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए लगाया फेज-2 का सब-स्टेशन ।

## राई के औद्योगिक क्षेत्रवासियों को बिजली कट से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- राई औद्योगिक क्षेत्र के फेज-2 में सब-स्टेशन तैयार

राई औद्योगिक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में फेज-2 का सब-स्टेशन तैयार कर लिया गया है। वर्तमान में फेज-2 के फीडरों को इससे जोड़ा जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में क्षेत्रवासियों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद है।

राई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा ने इसके लिए बिजली विभाग के अधिकारियों का आभार किया । राकेश छाबड़ा ने बताया कि दूसरा सब-स्टेशन भी अगले 7 से 10 दिनों में तैयार हो जाएगा। इसके चालू होने के बाद बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं में काफी हद तक सुधार आएगा और उद्योगों को भी राहत मिलेगी। इस कार्य को गति देने में कई अधिकारियों का अहम योगदान रहा और नियमित फॉलोअप के लिए अश्वनी अरोड़ा का विशेष धन्यवाद किया गया। एचएसआईआईडीसी के कार्यकारी अभियंता असीम टंडन, स्थानीय यूएचबीवीएन टीम तथा एसई धर्म सुहाग की तेज कार्यशैली की सराहना की गई। राकेश छाबड़ा ने कहा कि अधिकारियों की सक्रियता के चलते यह कार्य समय पर संभव हो पाया है।

**खबर संक्षेप**

### पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक आज

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की गोहाना यूनिट की बैठक 22 अप्रैल को आयोजित होगी। यह बैठक सिटी सब डिविजन कार्यालय गोहाना में प्रातः 10 बजे होगी। यूनिट अध्यक्ष निदेश शर्मा और सचिव सोहन शर्मा ने कर्मचारियों से अपील की है कि वे बैठक में अवश्य भाग लें।

### खेल विश्वविद्यालय राई का स्थापना दिवस आज मनेगा

**राई।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई का तृतीय स्थापना दिवस 22 अप्रैल को विश्वविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विवि कुलपति अशोक कुमार (आई.पी.एस. सेवानिवृत्त) ने बताया कि शुरूआत में एथलेटिक्स मीट का आयोजन होगा। शाम को रस्साकशी इंट्राम्यूरल प्रतियोगिता तथा रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### उप निदेशक ऋतु रानी ने संभाला पदभार

**सोनीपत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में मेरा युवा भारत सोनीपत के जिला कार्यालय में उप निदेशक ऋतु रानी ने पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक को सोनीपत का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। पदभार ग्रहण करने के बाद उप निदेशक ऋतु रानी ने कहा कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## जेकेआर स्कूल से कृमि व एनीमिया मुक्त अभियान का किया आगाज

- 50 हजार बच्चों को कृमि नाशक गोलियां खिलाने का लक्ष्य



गोहाना। मंगलवार को बच्चों को कृमि नाशक दवा की उपयोगिता बताते हुए अतिथि एवं चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नागरिक अस्पताल गोहाना एवं भारत विकास परिषद गोहाना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान की शुरुआत मंगलवार को जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना से की गई। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी गोहाना राजेंद्र सांगवान एवं खंड शिक्षा अधिकारी कथूरा लवल किशोर थे। विशिष्ट अतिथि नागरिक अस्पताल गोहाना से एसएमओ डॉ. दिनेश छिल्लर एवं खंड नोडल अधिकारी डॉ. चक्रवर्ती शर्मा रहे। चक्रवर्ती डॉ. शर्मा ने बच्चों को कृमि संक्रमण से शरीर में होने वाली खून की कमी, पोषणता की कमी, शारीरिक और मानसिक विकास में रुकावट से बचाव के लिए कृमि नाशक दवा की उपयोगिता बताई।

एसएमओ डॉ. दिनेश छिलर के अनुसार खंड गोहाना में लगभग 50 हजार बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर जेकेआर स्कूल के एमडी राजबीर राठी, प्राचार्य महेंद्र पाराशर, भाविप गोहाना शाखा अध्यक्ष सुनील कुच्छल, सचिव सीमा जैन, कोषाध्यक्ष अश्वनी जैन, शाखा महिला गतिविधि सहभागिता मंजू मित्तल, संस्कार संयोजक मानसी अरोड़ा, सदस्य नीतू गोयल, संगठन मंत्री ललित गोयल और संजय गोयल उपस्थित रहे।

## प्रभुदयाल के नेत्रों से दो लोगों को मिलेगी नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



- पुत्र महेश कुमार और भीम सैन की सहमति से प्रक्रिया संपन्न कराई गई

महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत के तत्वावधान में स्वर्गीय प्रभु दयाल का मरणोपरांत नेत्रदान कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। स्वर्गीय प्रभु दयाल का निधन महाराजा अग्रसेन अस्पताल रोहिणी, दिल्ली में हुआ था। महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच के महासचिव हरभगवान रहेजा और प्रधान हरि चन्द स्नेही की प्रेरणा से दिवंगत के पुत्र महेश कुमार और भीम सैन, धर्मपत्नी पुष्पा देवी तथा जवाहर लाल थरेजा की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान उनकी पुत्री नीलम, मोहित, सीमा, सरोज रहेजा, नेहा सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे। श्रॉफ अस्पताल आई बैंक, दिल्ली से संपर्क कर तकनीशियन आमिर खान और उनकी टीम ने नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की।

## स्पेशल ओलंपिक में दिव्यांग विद्यार्थियों ने 8 पदक जीते



- 3 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक अपने नाम किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

बहालगढ़ स्थित रेणु विद्या मंदिर के दिव्यांग विद्यार्थियों ने राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में स्थित निजी विश्वविद्यालय में स्पेशल ओलंपिक भारत प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने 3 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक अपने नाम किए। उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय के ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

संस्थान के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल प्रशिक्षक सुधीर जून एवं विशेष शिक्षकों को भी उनके मार्गदर्शन और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने स्पेशल ओलंपिक भारत की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रत्नेश सिंह ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## विवि कुलपति ने पदक विजेता छात्राओं को किया सम्मानित



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश के साथ विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुदेश ने पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की छात्राएं खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन कर रही हैं।कुलपति ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ये गुण अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि खेल केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है।

## कर्नाटक में शॉट पुट में जौहर दिखाएंगी अंशु धनखड़



**सोनीपत।** कर्नाटक के तुमकुर स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 24वीं जूनियर नेशनल (20 वर्ष) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सोनीपत की एथलीट अंशु धनखड़ शॉट पुट स्पर्धा में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी। अंशु धनखड़ के चयन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक के अनुसार इस चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य से कुल 100 एथलीट खिलाड़ियों का दल भाग ले रहा है, जिसमें 67 लड़के और 33 लड़कियां शामिल हैं। यह प्रतियोगिता एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जहां देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। अंशु धनखड़ ने अपनी मेहनत और निरंतर अभ्यास के बल पर इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्थान बनाया है। उनके चयन से सोनीपत जिले का नाम खेल क्षेत्र में रोशन हुआ है और उनसे पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने जल संरक्षण, बिजली बचत, वृक्षारोपण और प्लास्टिक के कम उपयोग जैसे अहम मुद्दों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

साथ ही कई विद्यार्थियों ने अरावली पर्वतमाला के क्षरण, बढ़ते वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर विषयों को भी अपने पोस्टरों में प्रमुखता से दर्शाया। कक्षा चौथी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने धरती है तो कल है, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ और प्रकृति का सम्मान, सबका कल्याण जैसे प्रेरणादायक नारे लिखकर सभी को जागरूक किया। विद्यालय परिसर में आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी को शिक्षकों और विद्यार्थियों ने खूब सराहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता ही सच्ची शिक्षा का प्रतीक है। उन्होंने सभी से प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया।



गन्नौर। प्रतिभागी विजेता छात्रों के साथ निदेशक अजय यादव व शिक्षक।



## बेल्जियम से आए छात्रों ने मूक-बधिर बच्चों संग बांटी खुशियां, आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों में भाग लिया

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में श्रवण व वाणी केंद्र, न्यू कोर्ट रोड, सोनीपत स्थित बधिर बच्चों के विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निजी विश्वविद्यालय के रोट्रैक्ट क्लब के साथ बेल्जियम यूनिवर्सिटी से आए 21 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय समूह ने बच्चों के साथ मिलकर आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों में भाग लिया। इन विदेशी मेहमानों ने बच्चों को विभिन्न क्राफ्ट तकनीक सिखाई। इस अवंसर पर सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रोजेक्ट इंचार्ज अविनाश सेठी और बलराज वशिष्ठ ने बताया कि संस्था पिछले दो वर्षों से इस विद्यालय के बच्चों के लिए निरंतर सेवा कार्य कर रही है। बच्चों के लिए सुबह, दोपहर एवं शाम का भोजन, स्कूल ड्रेस, कॉपी-किताबें और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकता रही है। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी, प्रधान संजय सिंगला एवं स्कूल इंचार्ज मोहित डागर ने संयुक्त रूप से समाज से अपील की कि यदि कहीं भी ऐसे बच्चे दिखाई दें जो सुन या बोल नहीं सकते, तो उन्हें इस विद्यालय तक पहुंचाने में सहयोग करें। इस मौके पर माहिरा बिंद्रा, रूबाली भल्ला, वंशिका बजाज आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

**अंडर-17 में कड़े मुकाबले में प्रतिद्वंद्वियों को दी मात**

## साउथ पॉइंट के शिवम ने जीता गोल्ड मेडल मलेशिया चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ओपन नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र शिवम ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। शिवम ने अंडर-17 आयुवर्ग के (-78) किलो भारवर्ग में कड़े मुकाबले में प्रतिद्वंदियों को मात देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने शिवम को जीत की बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी है।

चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि यह चैंपियनशिप समालखा की जांगड़ा धर्मशाला में 17 से 19 अप्रैल तक आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से करीब 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय के शिवम ने चैंपियनशिप में भाग लेकर सभी 250 प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। शिवम ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा से न सिर्फ संस्थान का मान बढ़ाया, बल्कि मलेशिया में होने वाली ओपन इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए भी स्थान पक्का कर लिया। अब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहराएगा। चेयरमैन ने बताया कि शिवम की इस ऐतिहासिक जीत के बाद साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि शिवम की यह जीत अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिणाम है।

एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि एक विज्ञान संकाय के छात्र के रूप में पढ़ाई और खेल के बीच ऐसा संतुलन प्रेरणादायक है। मलेशिया में भी शिवम देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं सीईओ भावना कालरा व डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि शिवम की तकनीक और खेल के प्रति उनकी एकाग्रता उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व सीईओ भावना कालरा के साथ पदक दिखाता शिवम।

## छात्र लव ने जेईई मेन्स की परीक्षा में 94.45 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया



**गन्नौर।** समाज कल्याण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजाना कला के मेधावी छात्र लव ने जेईई मेन्स की परीक्षा में 94.45 अंक प्राप्त कर विद्यालय, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र की सफलता पर विद्यालय की निदेशक अनीता कादियान तथा प्रधानाचार्य मनीषा कादियान ने लव और उसके परिजनों को बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनीता कादियान ने छात्र की इस सफलता को शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि मानते हुए कहा कि सिद्ध कर दिया है कि परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। चेयरमैन बिजेन्द्र कादियान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही दिशा और अवसर की होती है।



## हैप्पी चाइल्ड में कांसेप्चुअल शो, सामाजिक विषयों पर विद्यार्थियों ने दीं प्रस्तुतियां

**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को कांसेप्चुअल शो का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में इंडियन कल्चर विषय पर आधारित प्रस्तुति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मेंटल हेल्थ विषय पर प्रस्तुति को द्वितीय स्थान मिला, जिसमें छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव और अवसाद जैसी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ दर्शाया। विद्यार्थियों ने मोबाइल और इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभावों को उजागर करते हुए संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया। वहीं ऑर्गन डोनेशन विषय पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया।